

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### चैत्र नवरात्र आज से

**संवाददाता** देहरादून। चैत्र नवरात्र छह अप्रैल से शुरू हो रहे हैं, जो 14 अप्रैल तक चलेंगे। इन दिनों मां के नौ स्वरूपों की पूजा कर मां का आशीर्वाद लिया जाएगा। इसके लिए मां के श्रद्धालुओं ने पूजा और व्रत के सामान की खरीददारी शुरू कर दी है। बाजारों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई है। देवी मां के नए ट्रेंड की ड्रेस भी श्रद्धालुओं को काफी लुभा रही हैं। पूजा में किसी प्रकार की कमी न रह जाए, इसलिए भक्तों ने अभी से पूजन सामग्री की खरीददारी कर ली है।

### मतदान समाप्त होने से वापसी तक अधिकारियों को निगरानी में रखा जाएगा

**संवाददाता** देहरादून। पोलिंग पार्टियों की रवानगी के साथ ही पीठासीन अधिकारियों की निगरानी शुरू हो जाएगी। यह निगरानी एलटीएस एप के ट्रैकिंग सिस्टम से की जाएगी, जो जीपीएस के माध्यम से अधिकारियों की लोकेशन की पल-पल की जानकारी देगा। मतदान समाप्त होने से वापसी तक अधिकारियों को निगरानी में रखा जाएगा और इसके लिए 11 सदस्यीय टीम का गठन भी कर दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम एसए मुरुगेशन ने ट्रैकिंग के इस काम को अति गोपनीय की श्रेणी में रखा है।

### महेंद्र सिंह नेगी की हुई घर वापसी

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा से छिटके नेताओं की घर वापसी का सिलसिला जारी है। इस कड़ी में पिछले लोकसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में ताल ठोकने वाले महेंद्र सिंह नेगी की भी घर वापसी हो गई। एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत और कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नरेश बंसल ने नेगी का समर्थकों सहित भाजपा में स्वागत किया। इस मौके पर विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने भी भाजपा का दामन थामा।कार्यक्रम में उत्तराखंड वन विकास निगम कर्मचारी संगठन के पूर्व अध्यक्ष संतोष रावत समेत विभिन्न संगठनों से जुड़े कई लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

### पुस्तक प्रेमी स्मार्टफोन यूजर्स के लिए 'एयरटेल बुक्स' किया लांच

**संवाददाता** देहरादून। भारत की अग्रणी टेलीकम्युनिकेशंस सर्विसेस प्रदाता, भारती एयरटेल ने एक नया ऐप, एयरटेल बुक्स लॉन्च किया। यह ऐप स्मार्टफोन यूजर्स को ई-बुक्स का विस्तृत संग्रह प्रदान करेगा। इसके साथ एयरटेल ने अपने तेजी से बढ़ते डिजिटल कंटेंट पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। विंक म्यूजिक और एयरटेल टीवी जैसी इसकी लोकप्रिय प्रस्तुतियों के साथ अब यह नई सुविधा एयरटेल की सेवाओं में जुड़ गई है।

## पीएम की हुंकार.....आपका ये चौकीदार हेलीकाप्टर घोटाले के दलालों को दुबई से ले आया उठाकर

### कांग्रेस के घोषणा पत्र को ढकोसला पत्र बताया

**संवाददाता** देहरादून। पीएम ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को ढकोसला पत्र कहते हुए कहा कि इसे देख साफ हो जाएगा कांग्रेस किसके साथ है। ढकोसला पत्र में कहा यदि सरकार में आएंगे तो सुरक्षा बलों, सेना को जो रक्षा कवच मिला है, उसे हटा देंगे। पीएम ने लोगों से सवाल किया इनकी बातों को मंजूर है। कोई जवान मंजूर करेगा। यदि सेना की रक्षा नहीं करोगे तो कौन मां बेटे को देश के लिए मरने भेजेगी। पीएम ने कहा कि वोट पाने को ये बातें कर रहे हो। कोई ऐसा पाप नहीं कर सकता है, लेकिन कांग्रेस क्या कर रही है। जान दांव में लगाने वाले सैनिकों को फर्जी मुकदमों में फंसाती है। पीएम ने कहा, पाकिस्तान से पैसा लेकर जो पत्थरबाजों को भड़काते हैं, ऐसे लोगो से कांग्रेस बातचीत की बात कर रही है। कहा, खुले आम देश के टुकड़े हटाने की बात कर रहे हैं। देशद्रोह का कानून हटाने की बात कर रहे हैं। देशद्रोहियों पर मुकदमे चलने चाहिए। उनको सजा होनी चाहिए या नहीं।

**कांग्रेस सोचती है आप देश के लिए काम नहीं करते:** पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के मार्गदर्शक जो विशेष रूप से अमेरिका से आए, बड़े अहंकार के सामने ऐसी बातें की, जिससे पता चलता है कि कांग्रेस कैसी साजिश रच रही है। कांग्रेस सोचती है आप देश के लिए काम नहीं करते, मीडिल क्लास खुद का ही भला सोचता है।

# कांग्रेस को करप्शन चाहिए करप्शन को कांग्रेस चाहिए

पीएम मोदी ने उत्तराखंड के सभी लोगों का समर्पण और सहयोग के लिए आभार जताया

कांग्रेस के शासन में भ्रष्टाचार एक्सीलेटर पर और विकास वेंटिलेटर पर रहता है

कांग्रेस ने तो गंगा को मैली करने का काम किया

**हमला**

**संवाददाता**

देहरादून। दून के परेड मैदान में आयोजित चुनावी जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर जोरदार हमला किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने देवभूमि में बसे सभी देवी देवताओं को नमन करते हुए उत्तराखंड के सभी लोगों का समर्पण और सहयोग के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि बाबा केदार के आशीर्वाद से आपके सहयोग से बीते पांच वर्ष तक देश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए आपका सेवक सफल हुआ। मेरी प्रेरणा आपकी आस्थाएं रही। मेरे साथ मजबूती से डटे रहे, इसीलिए हमारी सरकार देश हित में अपने बड़े और कड़े फैसले ले पाई।

**वन रैंक वन पेंशन का मुद्दा हम हल कर पाए:** पीएम मोदी ने कहा कि सामान्य वर्ग के लोगों को 10 प्रतिशत का आरक्षण दे पाए। कांग्रेस तो ढकोसलों से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं कर पाई। हमारी सरकार अग्रिम मोर्चों पर बड़ा फैसला ले पाई है। आप हमेश चट्टान की तरह खड़े रहे। इसलिए 40 साल से लटका वन रैंक वन पेंशन का मुद्दा हम हल कर पाए। जिनकी नियत सिर्फ वोट और नोट बटोरने की रही, उन्होंने तो इसको लटकाने और भटकाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कांग्रेस ने ओआरओपी को 40 साल तक क्यों लटकाए रखा। कारण उनके मन के भीतर सेना के जवानों के प्रति कूट कूट कर नफरत भरी है। पीएम मोदी ने कहा कि आपके सहयोग से मां गंगा को निर्मल व अविरल करने का काम आगे बढ़ पाया है। कांग्रेस ने तो गंगा को मैली करने का काम किया। करप्शन और कांग्रेस का साथ अटूट है, ऐसी जुगलबंदी है कि अलग हो नहीं सकते। मोदी ने कहा कांग्रेस को करप्शन, करप्शन को कांग्रेस चाहिए। कांग्रेस के शासन पर भ्रष्टाचार एक्सीलेटर पर और विकास वेंटिलेटर पर रहता है। कहा यही कांग्रेस की पहचान है। कांग्रेस सरकारों में एक होड़ सी मची रहती है कि कौन कितना ज्यादा भ्रष्टाचार करे।

पीएम ने कहा, टूजी, कामनवेल्थ घोटाला हो, ऐसा कोई संसाधन नहीं जो लूट से न बच पाया हो। इसमें भी नामदार परिवार का नाम सबसे ऊपर है।



देहरादून में जनसभा को संबोधित करते पीएम नरेंद्र मोदी।

# देश में दो प्रधानमंत्री होंगे चाहिए क्या?

**आरोप**

■ कांग्रेस अपने साथियों की मदद के लिए ही देशद्रोह का कानून हटाना चाहती है

देहरादून। **संवाददाता**

देहरादून की जमीन से पीएम मोदी ने कहा कुछ लोग यहां ऐसी भाषा बोलते हैं, पाकिस्तान में लोग ताली बजाते हैं। जम्मू कश्मीर में इनके साथी हर रोज कश्मीर को अलग करने की धमकी दे रहे हैं। वो कश्मीर का अलग प्रधानमंत्री चाहते हैं।

पीएम मोदी ने सवाल किया कि देश में दो प्रधानमंत्री होंगे चाहिए क्या? कहा, जम्मू कश्मीर के लिए देश के वीर जवानों ने अपनी जान दी, सर्वोच्च बलिदान दिया। हिंदुस्तान के गरीब लोगों ने अपना पेट काटकर वहां की भलाई के लिए पैसे दिए है। वो दो प्रधानमंत्री की बात कर रहे हैं। ये कांग्रेस पार्टी के गठबंधन के साथी हैं। कांग्रेस चुप है। फिर तो सजा कांग्रेस को भी मिलनी चाहिए। पीएम ने कहा, मैं हैरान हूं कि कांग्रेस अपने साथियों की मदद के लिए ही देशद्रोह का कानून हटाना चाहती है।

**कांग्रेस ने पाक को खुश करने का अभियान छेड़ रखा है**

पीएम ने कहा कि यहां जो पहले सीएम थे, उनके खासोमखास है। कहा, अहमद पटेल किस फैमली के निकट है। पीएम ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा, चौकीदार का कड़ा रवैया इनको बर्दाश्त नहीं हो रहा है। एक जमाना था जिस परिवार की एयरपोर्ट पर भी कोई तलाशी की हिम्मत नहीं कर सकता था। गाड़ी विमान की सीढ़ी तक चल जाती थी। आज वे लोग बेल पर बाहर हैं। जो परिवार खुद को भारत का भाग्यविधाता समझता था, वो जेल जाने से बचने को सारी तिगड़म लगा रहा है। करप्शन से साथ कांग्रेस ने देशद्रोहियों और पाकिस्तान को खुश करने का अभियान छेड़ रखा है। प्रेम के मसीहा के पैरों से जमीन खिसक रही है तो सवाल पूछने वाले पत्रकारों को भी धकेलने की हिम्मत कर रहे हैं।

भारत की एक इंच जमीन पर भी आंच नहीं आने दी जाएगी। पीएम ने कहा मैं शहीद मोहनलाल, शहीद वीरेंद्र सिंह राणा, शहीद चित्रेश बिष्ट और शहीद विभूति ढौंडियाल की शपथ लेकर कहता हूं कि देश को बांटने वालों के सामने चौकीदार दीवार बनकर खड़ा है।

### हमने पांच लाख की टेक्सेबल इंकम को पूरी तरह जीरो किया

**संवाददाता** देहरादून। पीएम मोदी ने कहा कि चार धाम को जोड़ने वाली आल वेदर रोड हो या बाबा केदार का पुनर्निर्माण हो, ऐसा हर काम इसलिए हो रहे हैं कि ईमानदार करदाता देश के खजाने में पैसा देते है। कांग्रेस को इसमें ही दिक्कत है। उसे ऐसे लोग स्वार्थी लगेंगे। ये भाषा मध्यम वर्ग स्वीकार नहीं करेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमने पांच लाख की टेक्सेबल इंकम को पूरी तरह जीरो किया। कहा, जरा सी चूक हुई तो ये छूट तो जाएगी ही और आप पर बोझ पड़ना भी तय है। भाजपा की सोच स्पष्ट है। कांग्रेस ने पहाड़ को पलायन से जोड़ा है और हमने पहाड़ को पर्यटन से जोड़ने का काम कर रहे हैं। 2021 में हरिद्वार में बड़ा कुंभ का आयोजन हो रहा है। प्रयागराज कुंभ से बेहतर आयोजन हमें हरिद्वार में करके दिखाना है। आपका आशीर्वाद चाहिए इसके लिए। पहाड़ का पानी पहाड़ की जवानी पहाड़ के काम आए। ये चौकीदार की प्रतिबद्धता है।

In a Digital World Why To wait for a Howker
Visit Us at http://app.page3news.co.in
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी द्वारा एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित। संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।